भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8B/UCP/09/112/2021/FC / 1254

दिनांकः 20 / 12 / 2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय : जनपद –चम्पावत के अंतर्गत नगर पंचायत, बनबसा एवं नगर पालिका परिषद, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु नगर पंचायत, बनबसा को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Others/33662/2018)**

**सन्दर्भः– वन संरक्षक, कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 1350 / FP/UK/ Others/33662/2018 दिनांक 01-12-2022**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 29.11.2021 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त यह पाया गया है कि प्रस्तावित क्षेत्र वन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और पूरे क्षेत्र को CAMPA या राज्य में अन्य कार्यक्रमों के तहत एक घने वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है एवं क्षेत्र में वन्य जीवन को भी समृद्ध किया जा सकता है।

प्रस्तावित non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। आस–पास काफी गैर–वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस non site-specific प्रस्तावित परियोजना के लिये गैर–वन भूमि का चयन करने का कष्ट करें साथ ही ऑनलाईन भाग I के पैरा H में आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें।

तत्पश्चात् ही प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

भवदीय

20.12.22
(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड, देहरादून।

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)

SCAN AnyScanner

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

पत्रांक 4830 /12-1 हल्द्वानी, दिनांक 10/02/2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

**विषयः–** जनपद–चम्पावत के अर्न्तगत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद् टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.8060 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में।

**संदर्भः–** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बनबसा चम्पावतपत्रांक–668/ठो0अप0प्रब0/2022–23दिनांक 18.01.2023 (संलग्न)।

महोदय

उपरोक्त विषयगत प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून का पत्रांक 8B/UCP/109/112/2021/FC/1254 दिनांक 20.12.2022 एवं इस कार्यालय के पत्रांक–4286/12–1 दिनांक–21.01.2023 द्वारा चाही गयी सूचना प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्र से इस कार्यालय को प्रेषित कि गयी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| बिन्दु संख्या | आपत्ति | निस्तारण |
|---|---|---|
| 1:– | बिन्दु संख्या–01 प्रस्तावित non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। आस–पास काफी गैर वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है। | प्रयोक्ता अभिकरण के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त बिन्दु के अनुपालन में इस परियोजना के लिये प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त आस–पास की अन्य भूमि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ही है जिस कारण वन विभाग, राजस्व विभाग एवं इस निकाय द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर उक्त स्थल को ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु सर्वोत्तम मानते हुऐ भूमि का चयन किया गया है। साथ ही महोदय को यह भी अवगत कराना है कि उक्त परियोजना हेतु जिलाधिकारी महोदय चम्पावत द्वारा प्रमाणित न्यूनतम भूमि प्रमाण–पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है। |
| 2:– | बिन्दु संख्या–02 ऑनलाईन भाग । के पैरा H में आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें। | प्रयोक्ता अभिकरण के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त बिन्दु के अनुपालन में उक्त परियोजना के लिये वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात ही निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व बनाने Environment Clearence प्राप्त किया जायेगा। |

<u>संलग्नः–</u> <u>उपरोक्तानुसार।</u>

भवदीय

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

AnyScanner

पत्रांक 4830 /12–1 दिनांकित

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षण नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. जिलाधिकारी, चम्पावत।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बनबसा चम्पावत।

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

AnyScanner
AnyScanner

स्वच्छ बनबसा

स्वस्थ बनबसा

E-mail/Speed Post/by Hand

सुन्दर बनबसा

# !! कार्यालय नगर पंचायत बनबसा (चम्पावत) !!

(स्वच्छता ही सेवा)

Email- eo.nagarpanchayatbanbasa@gmail.com

पंत्राक– 686 / ठो0अप0प्रब0 / 2022–23 दिनांक–18–01–2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी।

**विषय–** जनपद–चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में। **(Proposal No FP/UK/Others/33662/2018)**

**संदर्भ–** सहायक महानिरीक्षक (वन), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के पत्र संख्या– 8B/UCP/09/112/2021/FC/1254 दिनांक 20–12–2022।

महोदय

उपरोक्त संदर्भित (छायाप्रति संलग्न) विषयगत प्रकरण में लगाई गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण/आख्या निम्नानुसार प्रेषित है पत्र में उक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में कतिपय बिन्दुओं त्रुटियॉ पाते हुऐ आवश्यक सूचनायें चाही गई है जो कि बिन्दुवार निम्नवत् हैं:–

| बिन्दु संख्या | आपत्ति | निस्तारण |
|---|---|---|
| बिन्दु संख्या 1:– | प्रस्तावित non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। आस–पास काफी गैर वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है।<br><br>कार्यालय तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी<br>प्राप्ति सं0 2144<br>पंजी0 सं0 12-1<br>दिनांक 31/01/2023 | महोदय उक्त बिन्दु के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि इस परियोजना के लिये प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त आस–पास की अन्य भूमि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की है जिस कारण वन विभाग, राजस्व विभाग एवं इस निकाय द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर उक्त स्थल को ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु सर्वोत्तम मानते हुऐ भूमि का चयन किया गया है। साथ ही महोदय को यह भी अवगत कराना है कि उक्त परियोजना हेतु जिलाधिकारी महोदय चम्पावत द्वारा प्रमाणित न्यूनतम भूमि प्रमाण पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है। |
| बिन्दु संख्या 2:– | ऑनलाईन भाग I के पैरा H में आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें। | महोदय उक्त बिन्दु के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि उक्त परियोजना के लिये वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात ही निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व Environment Clearence प्राप्त किया जायेगा। |

श्रीमती रचना
उ0 31/1/23

AnyScanner

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत बनबसा।
2. सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादन।
3. आयुक्त महोदय, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।
4. निदेशक महोदय, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. जिलाधिकारी महोदय, चम्पावत।
6. प्रभागीय वनाधिकारी महोदय, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।
7. उपजिलाधिकारी महोदय, श्री पूर्णागिरी (टनकपुर)।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत।

SCAN AnyScanner